कार्रवाई ▶ थाना सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा कोटमा तिराहा पर घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को मौके से पकड़ा

# अवैध नशीले इंजेक्शन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल, नवभारत।** थाना सोहागपुर पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को अवैध नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 3 जनवरी 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोटमा तिराहा क्षेत्र में तीन व्यक्ति अवैध रूप से नशीले इंजेक्शन बेचने की गतिविधि में लिप्त हैं।

सूचना की तस्दीक के बाद थाना सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा कोटमा तिराहा पर दबिश दी गई, जहां घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को मौके पर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आदित्य उर्फ बेटू तिवारी, उदय नारायण उर्फ गुड्डू शुक्ला एवं अविनाश उर्फ अभिलाष यादव के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 100 से अधिक अवैध नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी इंजेक्शनों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय, थाना प्रभारी सिंहपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्रवाई में हरीकिशोर, सुरेन्द्र पटेल, रामप्रकाश, मुकेश पटेल, त्रिलोक सिंह, विवेक झारिया, शशिकांत यादव, जगन्नाथ सिंह एवं आरक्षक मनोज बैगा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री या तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## पुलिस की तत्परता से ज्वेलरी दुकान की चोरी का खुलासा

**शहडोल।** थाना बुढार पुलिस ने ज्वेलरी दुकान से चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 3 जनवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 10, सिनेमा रोड बुढार स्थित राकेश ज्वैलर्स के संचालक कमलेश सराफ पिता गंगाधर सोनी (उम्र 39 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 10, सिनेमा रोड बुढार द्वारा थाना बुढार में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी ने बताया कि दोपहर लगभग 3 बजे एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और छोटी बच्ची के लिए चांदी की अंगूठी एवं पायल दिखाने की मांग की। दुकानदार द्वारा 5 नग चांदी की अंगूठी एवं 3 जोड़ी बच्चियों की छोटी चांदी की पायल दिखाए जाने के दौरान आरोपी ने मौका पाकर उक्त आभूषण चुरा लिए और अपनी प्लेजर स्कूटी से बाजार की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बुढार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू की। संदेही की पहचान तालिब अली के रूप में की गई। पुलिस द्वारा आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए आभूषण बरामद किए, जिनमें 5 नग चांदी की अंगूठी एवं 3 जोड़ी बच्चियों की छोटी चांदी की पायल शामिल हैं। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।





# मंत्री के बयान के विरोध में कांग्रेस का घंटानाद प्रदर्शन

▶ **कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस का सांसद कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन**

**शहडोल।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए कथित अमर्यादित एवं असंवेदनशील बयान तथा पत्रकारों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा सांसद निवास के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटानाद करते हुए तथा नारेबाजी के माध्यम से अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान मंत्री विजयवर्गीय के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कांग्रेस नेताओं ने इसे जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि भागीरथपुरा हादसे में 15 लोगों की असमय मृत्यु के बाद जब मीडिया ने मंत्री से सवाल किए, तो उन्होंने अत्यंत अशोभनीय और संवेदनहीन भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह न केवल पीड़ित परिवारों का अपमान है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा पर भी आघात है। कांग्रेस ने मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की तथा घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। इस संबंध में जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला द्वारा दी गई। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, हरिशंकर तिवारी, पूर्व पार्षद पुष्पराज सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला, जयकरण सिंह, रजनी गुप्ता, रमा विश्वकर्मा, सहाना खान, दलप्रताप सिंह, रविन्द्र मणि शुक्ला, अनिल मिश्रा, अजीत सोनी, मनोज गुप्ता, सुशील जसवानी, रमेश विश्वकर्मा, अकरम खान, मुन्नू तिवारी, रमेश जायसवाल, सोनू कुशवाहा, अमरनाथ पटेल, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भाजपा शक्ति केन्द्र की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

**शहडोल।** नगर के भाजपा शक्ति केन्द्र प्रेस कॉलोनी अण्डर ब्रिज की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला मंत्री रविन्द्र वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर लाल सोनी, अनिल द्विवेदी, पार्षद होलकर सिंह परस्ते, सुनील मिश्रा, प्रवीण नामदेव, आदित्य चपरा, राजेश ताम्रकार, अजय वर्मा, आदित्य आसुदानी, राहुल गुप्ता सहित शक्ति केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी बूथों के बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने पार्टी की आगामी गतिविधियों, अभियानों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीढ़ माने जाने वाले बूथ स्तर को और अधिक मजबूत करें तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करे तथा बूथ स्तर पर मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखे। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ को सशक्त बनाने एवं संगठन को और मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।बैठक का समापन संगठनात्मक एकता, उत्साह और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# 15 से 30 जनवरी तक शहडोल के 101 स्थानों पर होंगे हिंदू सम्मेलन



**शहडोल।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में गठित हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा शहडोल जिले में व्यापक स्तर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की तैयारी की गई है। जिले के 73 मंडलों एवं 28 बस्तियों सहित कुल 101 स्थानों पर 15 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन देशभर की सभी बस्तियों एवं मंडलों में एक साथ किए जा रहे हिंदू सम्मेलन कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

इस संबंध में शहडोल नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के पश्चात एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में जिला हिंदू सम्मेलन टोली के सदस्य एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राधेश्याम नापित ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में पांच प्रमुख परिवर्तनों सामाजिक सद्भाव, समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य एवं कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने जिले के 101 स्थानों पर प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। पत्रकार वार्ता में मातृशक्ति के रूप में मोनिका राज, जयश्री कचेर एवं प्रमिला सिंह की उपस्थिति रहीं। वहीं शिक्षक लालजी तिवारी एवं एडवोकेट इंद्रजीत मिश्र ने सम्मेलन के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।वार्ता के पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित खंड एवं नगर स्तर से आए हिंदू सम्मेलन समिति के कार्यकर्ताओं को हिंदू सम्मेलन का धर्म ध्वज एवं अक्षत कलश वितरित किए गए। सभी मंडलों एवं बस्तियों में सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन कर धर्म ध्वज स्थापित किया जाएगा, जो कार्यक्रम की निर्धारित तिथि तक वहां स्थापित रहेगा। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक बस्ती एवं मंडल के हिंदू समाज के लोगों को हल्दी-चावल एवं पत्रक के माध्यम से सम्मेलन में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान प्रत्येक मंडल एवं बस्ती द्वारा हिंदू समाज के महापुरुषों की प्रदर्शनी, नाट्य प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करने वाले समाजजनों का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन में क्षेत्र के प्रमुख साधु-संत, कथा वाचक, मातृशक्ति प्रतिनिधि एवं विशिष्ट समाजसेवी वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। आयोजन में युवाओं, मातृशक्ति एवं प्रत्येक हिंदू परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**हिंदू सम्मेलन बनेगा सामाजिक समरसता का माध्यम**-सकल हिंदू समाज द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवार से एक गिलास चावल एवं 10 रुपये की सहयोग राशि एकत्र की जाएगी। इसी सहयोग से सम्मेलन का आयोजन एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा।

**मातृशक्ति निकालेगी कलश यात्रा**-प्रत्येक मंडल एवं बस्ती में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन से पूर्व मातृशक्तियों द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही प्रभात फेरी, भजन-कीर्तन एवं बाइक रैली के माध्यम से जन-जन तक सम्मेलन का संदेश पहुंचाया जाएगा और धार्मिक-सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण किया जाएगा।

# पैलवाह में रेत माफियाओं को उत्खनन करने मिली हरी झंडी



▶ **ग्राम सकरिया और पैलवाह के फॉरेस्ट व राजस्व क्षेत्र से हो रहा रेत का उत्खनन**

**गोहपारू, नवभारत।** ग्राम सकरिया और पैलवाह नालों के फॉरेस्ट व राजस्व क्षेत्र से माफियाओं को हरी झण्डी मिलने से रेत का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। बताया जाता है कि जिले में रेत खदान बंद हैं लेकिन रेत माफिया जगह-जगह रेत का अवैध उत्खनन करने में लगातार सक्रिय है। बताया जाता है कि ये रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन रात में किया जा रहा है जिससे राजस्व का लाखों का नुकसान हो रहा है वहीं जिम्मेदार अधिकारी हफ्ता महीने में सिमट रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस रेत का अवैध उत्खनन मामले में माफियाओं ने पूर्व में भी एक पटवारी एवं ए.एस आई की जान ले ली लेकिन रेत का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। अगर बात गोहपारू क्षेत्र की की जाए तो पूरे क्षेत्र में लगातार रेत माफियाओं ने रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले के साथ करते नजर आ रहे हैं अगर रेत का उत्खनन बंद नहीं हुआ तो फिर कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। बताया जाता है कि चोरबहरा और ओड़ा नाला से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बताया जाता है कि फॉरेस्ट विभाग के मुनारा के समीप लगातार रेत का अवैध उत्खनन जोरों शोरों से चल रहा है। पुलिस एवं फॉरेस्ट विभाग को जानकारी देने के बाद भी अवैध उत्खनन बंद करने में दोनो जिम्मेदार विभाग नाकाम साबित हो रहे हैं जिससे माफियाओ का हौसला बुलंद होता चला आ रहा है इतना ही नहीं रात के वक्त ट्रैक्टर बीच बस्ती से होकर रेत माफियाओ द्वारा ले जाया जाता जिससे दुर्घटना का खतरा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इन रेत माफियाओं के ऊपर कब तक कार्यवाही होगी ।

# विधायक ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**शहडोल।** जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलर स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी केंद्र में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। विधायक ने खरीदी केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ एवं आवश्यक जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। एसडीएम जयसिंहनगर काजोल सिंह ने केन्द्र द्वारा अब तक उपार्जित धान, परिवहन तथा किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में आने वाले किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। केन्द्र में उपार्जित धान को संभावित वर्षा से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जिला चिकित्सालय में किया कंबलों का वितरण



**शहडोल।** जिले में पड़ रही कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए विभिन्न समाज सेवी संस्थाएं सहयोग के लिए आगे आ रही हैं। संस्थाओं द्वारा गरीब एवं निराश्रित लोगों को कबंल एवं गर्म पकड़ों का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में बास्केटबाल के राष्ट्रीय कोच केके श्रीवास्तव के नेतृत्व में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला बिंग के द्वारा जिला चिकित्सालय शहडोल मे प्रसूती कक्ष में भर्ती प्रसूता महिलाओं को कंबलों का वितरण कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया।



# न्यू गोल्ड कप फुटबॉल का महामुकाबला अमराडंडी ने जीता

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के ग्राम पड़मनिया कला में रॉयल युवा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेल भावना, रोमांच और जोश से भरपूर रहा। 28 दिसंबर से प्रारंभ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 4 जनवरी 2026 को अपने भव्य समापन पर पहुंचा, जहां फाइनल मैच अमराडंडी एवं पड़मनिया की टीमों के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतएम.पी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विवेक पांडेय ने की। विशेष अतिथियों के रूप में समाजसेवी हिमांशु अग्रवाल, राजेश प्रताप सिंह एवं संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की विधिवत शुरुआत की गई। निर्धारित समय में खेले गए इस महामुकाबले में अमराडंडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पड़मनिया को 3-1 से पराजित कर न्यू गोल्ड कप पर कब्जा जमाया। अमराडंडी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, वहीं पड़मनिया की टीम ने भी अंत तक संघर्ष बनाए रखा।

**समापन समारोह में हुआ पुरस्कार वितरण**-टूर्नामेंट का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, समाजसेवी राजेश्वर उदानियां, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं संतोष लोहानी, मंडल अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, समाजसेवी रामनिवास गुप्ता, अमित गुप्ता बंटी, सरपंच नानबाबू बैगा, उपसरपंच रामकिशोर विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी मुन्नालाल रंगडाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा शैला नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। विजेता टीम अमराडंडी को ?21,000 नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम पड़मनिया को ?11,000 नगद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किए गए। आयोजन समिति के संयोजक अनिल साहू द्वारा मंचासीन अतिथियों का प्रतीक चिह्न, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

# नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने पेयजल व्यवस्था को लेकर जलस्रोतों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** नगर पालिका अध्यक्षघनश्याम दास जायसवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुदेला ने नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु जलस्रोतों, पानी टंकियों, उनसे जुड़ी पाइपलाइनों और विद्युत आपूर्ति स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तकनीकी रूप से संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि कहीं भी पेयजल पाइपलाइन दूषित जल या अन्य असुरक्षित स्त्रोतों के संपर्क में न हो। जहां संभावित जोखिम पाए गए, वहां तत्काल सुधार और आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जल की गुणवत्ता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी पानी के रंग, गंध या स्वाद में बदलाव, या पाइपलाइन में लीकेज जैसी कोई भी असामान्य स्थिति दिखाई दे, तो तुरंत नगर पालिका को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने बताया कि जल आपूर्ति से जुड़े सभी संसाधनों की नियमित जांच की जा रही है और मानक प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर तकनीकी सुधार और मरम्मत कार्य तत्काल कराए जाएंगे।


IRCTC

**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम-नवरत्न)
सीआईएन नंबर - L74899DLI999GOI101707

**आईआरसीटीसी - वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई-टेंडर (दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-**

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
|---|---|---|
| रिफ्रेशमेंट रूम/जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई-टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:-** जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022-47509565-8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।